'आईटी विज' में होगी तकनीकी ज्ञान की परख

इंदौर। स्कूली विद्यार्थियों के ज्ञान की परख के लिए शहर में क्विज आयोजित होने जा रही है। यह क्विज 29 सितंबर को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में होगी। टीसीएस द्वारा 'आईटी विज 2016' के नाम से आयोजित होने वाले इस क्विज में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। स्कूली विद्यार्थी इस क्विज में निशुल्क रूप से भाग ले सकेंगे। स्कूल भी इसमें टीमें भेज सकते हैं और हरेक टीम में 2-2 विद्यार्थी ही शामिल हो सकते हैं। यह क्विज देश के 15 शहरों में होती है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों का कम्प्यूटर साइंस के प्रति रूझान व समझ की परख होती है। प्रतिभागी 26 सितंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन www.tcsitwiz.com वेबसाइट पर करा सकते हैं।